राज्यपाल सचिवालय, बिहार
(जन–सम्पर्क शाखा)
राजभवन, पटना–800022

ई–मेल–**pr.rajbhavan@gmail.com**
prrajbhavanbihar@gmail.com
मोबाईल–9431283596

प्रेस–विज्ञप्ति

राज्यपाल ने 'महाशिवरात्रि' पर्व के अवसर पर बिहारवासियों को शुभकामनाएँ दी

पटना, 10 मार्च 2021

महामहिम राज्यपाल श्री फागू चौहान ने 'महाशिवरात्रि' पर्व के सुअवसर पर बिहारवासियों व देशवासियों को बधाई और शुभकामनाएँ दी है।

राज्यपाल ने अपनी मंगलकामना में कहा है कि भगवान शिव और माता पार्वती से जुड़ी कथाओं से हमें अपने जीवन में विपरीत परिस्थितियों में भी निरन्तर सकारात्मक सोच के साथ कार्य करने की प्रेरणा मिलती है तथा सामाजिक समता के लिए सदैव सजग और प्रयत्नशील रहने की सीख मिलती है। 'महाशिवरात्रि' पर्व भक्ति, साधना, प्रेम, पवित्रता, समानता और सौहार्द का संदेश देता है।

राज्यपाल ने 'महाशिवरात्रि' पर्व को सद्भावना, भक्ति, कल्याण–कामना और उल्लास के साथ आयोजित करने का सबसे अनुरोध किया है।

....